प्रेस नोट

दिनांक 11.03.2026

उ0नि0 परीक्षा-2026 के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी हमीरपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर द्वारा थाना कुरारा क्षेत्रांतर्गत स्थापित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण ।।

आज दिनांक 11.03.2026 को अपर जिलाधिकारी हमीरपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा जनपद में आयोजित उ0नि0 परीक्षा-2026 के सफल, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी आयोजन के दृष्टिगत थाना कुरारा क्षेत्र अंतर्गत परीक्षा केंद्र श्री राजाराम इण्टर कालेज कुरारा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी तंत्र, अभ्यर्थियों के निर्बाध एवं शांतिपूर्ण प्रवेश की प्रक्रिया, तथा केंद्रों पर कानून-व्यवस्था की स्थिति का अवलोकन किया गया। उपस्थित अधिकारियों ने ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को निष्पक्ष, सतर्क एवं संवेदनशील रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही केंद्र प्रभारियों से संवाद कर परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की गई एवं यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि परीक्षा समस्त केंद्रों पर शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना कुरारा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।